an>

Title: Need to employ local people from Bikaner in top management and technical staff at the thermal power plant run by Neyveli Lignite Corporation Limited in Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): अध्यक्ष जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र बीकानेर से संबंधित भारत सरकार का लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन का एक प्रमुख निगम नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन लिमिटेड के बारे में एक विषय उठाना चाहता हूं। बिजली उत्पादन करने का थर्मल पॉवर प्लांट राजस्थान के बीकानेर में कार्यरत है। राजस्थान के बीकानेर में लिग्नाइट कोल के भंडार हैं इसके आधार पर बीठनोक, हाडला और बरसिंगसर खान विस्तार में 250-250 मेगावाट के थर्मल पॉवर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। वन और पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृति भी मिल चुकी है। भूमि भी अवाप्त हो चुकी है। लेकिन बरसिंगसर परियोजना में पिछले 3 सालों से इंजीनियर्स की भर्ती नहीं की गई तथा पूरा टैक्निकल और मैनेजीरियल स्टॉफ तमिलनाडु स्थित नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन मुख्यालय से ही बरसिंगसर में आता है। इससे उनका स्थानीय जुड़ाव नहीं होता है। मैंने प्लांट का विजिट किया था, तो पाया कि कोयला भी लोकल है और सारे संसाधन भी लोकल हैं। लोगों का कहना है कि जब भर्ती होती है तो स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मैं आपके माध्यम से कोयला मंत्री से मांग करता हूं कि इंजीनियरिंग, टैक्निकल और मैनेजीरियल स्टाफ में स्थानीय लोगों की ज्यादा से ज्यादा भर्ती हो, जिससे वहां रोष उत्पन्न न हो और हमारे पास कोयले का जो संसाधन उपलब्ध है, उसमें बिजली के अधिक से अधिक संयंत्र लग सकें।